Regarding need to ensure establishment of Automatic Weather Stations in all the villages of Jalgaon Parliamentary Constituency, Maharashtr- laid

श्रीमती स्मिता उदय वाघ (जलगांव) **:** जलगांव लोकसभा क्षेत्र के किसानों की ओर से मैं अत्यंत महत्वपूर्ण मांग सरकार के समक्ष रखना चाहती हूँ । जलगांव जिला महाराष्ट्र का प्रमुख कृषि क्षेत्र है, जहाँ मौसम की थोड़ी-सी अनिश्चितता भी किसानों की फसल को गंभीर नुकसान पहुँचा सकती है । ऐसे में सटीक और स्थानीय मौसम जानकारी किसानों के लिए आवश्यक है । वर्तमान में जिले के 110 राजस्व मंडलों में से केवल 86 में ही AWS कार्यरत हैं, जबकि नए स्थापित 24 राजस्व मंडलों में अभी तक एक भी AWS नहीं है । इन क्षेत्रों के किसानों को समय पर मौसम डेटा नहीं मिल पाता। मैं सरकार से आग्रह करती हूँ कि इन 24 नए राजस्व मंडलों में AWS की स्थापना तुरंत की जाए । इसी प्रकार WINDS परियोजना के अंतर्गत 1159 ग्राम पंचायतों में से केवल 86 ग्राम पंचायतों में ही AWS चालू हैं, जबकि 1073 पंचायतें अभी भी इस सुविधा से वंचित हैं । मौसम परिवर्तन, अनियमित वर्षा और बढ़ते कृषि जोखिमों को देखते हुए, मैं मांग करती हूँ कि इन सभी 1073 ग्राम पंचायतों में AWS केंद्र शीघ्र स्थापित किए जाएँ । कृषि प्रधान जिले में मौसम सूचना का अभाव किसानों के भविष्य को प्रभावित कर रहा है । यह सुविधा शीघ्र किसान तक पहुँचे यही मेरी विनम्र अपेक्षा है ।